राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

<u>प्रेस नोट</u> **दिनांकः 01.02.2024**

माध्यमिक शिक्षा विभाग हेतु **वरिष्ठ शारीरिक शिक्षा अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2022** के पदों हेतु आयोग द्वारा दिनांक 30.04.2023 को आयोजित की गई परीक्षा में **उपस्थित अभ्यर्थियों (सूची वेबसाइट पर उपलब्ध है) की पात्रता जाँच एवं खेल प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य काउन्सलिंग के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 से दिनांक 15.02.2024 तक किया जायेगा।**

उक्त सूची में सम्मिलित अभ्यर्थी अपना विस्तृत आवेदन पत्र भरकर मय खेल प्रमाण पत्रों के आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध काउन्सलिंग पत्र/प्रपत्र डाउनलोड कर निर्धारित समय पर आयोग कार्यालय में उपस्थित होवें।

आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की पात्रता/खेल प्रमाण पत्रों की जांच विज्ञापन की शर्तों/नियमों के अनुसार की जावेगी। पात्रता की समस्त शर्तें नियमानुसार पूर्ण नहीं करने वाले अभ्यर्थियों की पात्रता आयोग द्वारा रद्द कर दी जावेगी।

इस संबधं में अभ्यर्थियों को अन्य कोई अवसर देय नही होगा तथा अभ्यर्थियों को अग्रिम चयन प्रक्रिया में सम्मिलित नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

(रामनिवास मेहता)
सचिव